आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

22.04.2019

महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा के मार्ग–निर्देशन में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली आये दिन कामयाबी की कड़ी को जोड़ता हुआ एक नई पहचान बनाने कि ओर हमेशा अग्रसर है। इसी कड़ी में आरेडिका चिकित्सालय में एक एचएमआईएस एंड्रायड ऐप विकसित किया गया।

इस ऐप का उपयोग पारदर्शी समावेशी सूचनात्मक सुविधाऐं प्रदान करने के लिए किया जायेगा। इसके द्वारा 24 घंटे ओपीडी और व्यापक चिकित्सीय सेवाएँ प्रदान किया जायेगा। एचएमआईएस ऐप से मरीजों को घर बैठे ही डाक्टर की स्थिति मालूम हो जायेगी जैसे, कितने डाक्टर उपस्थित हैं और किस डाक्टर से मिलने के लिए कितना नंबर मिलेगा। मरीज अपना और अपने परिजनों का ऑनलाईन ओपीडी टोकन बुक कर सकता है।

इस ऐप के जरिये मरीज अपना और परीवारजानों की पैथोलॉजी की रिपोर्ट अपने एंड्रायड ऐप पर देख एवं डाउनलोड कर सकता है। कर्मचारी को उसकी अदायगी की स्थिति की जानकारी भी इस ऐप पर उपलब्ध होगी। किसी भी तरीके के चिकित्सीय प्रसार की जानकारी और अद्यतन खबर आसानी से कर्मचारियों तक पहुँचाई जा सकती है। मरीज आपनी दवा हेतु (लोकल परचेज) की जानकारी भी इस ऐप के प्राप्त कर सकते हैं। आरेडिका चिकित्सालय में फार्मेसी स्टोर रिकार्ड, लैब रिकार्ड एवं आन्तरिक रोगी विभाग में भर्ती मरीजों के रिकार्ड ऑनलाईन उपलब्ध होगा। इससे कर्मचारियों को बार–बार चिकित्सालय आने जाने की समस्या से मुक्ति मिलेगी जिससे कर्मचारियों का बहुमूल्य समय की बचत होगी और उत्पादन में प्रगति होगी। भविष्य में अस्पताल को पेपर रहित करने का भी प्रयत्न किया जा रहा है।

22/4/19

(आर.पी.शर्मा)

मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी